भारत में 628 बाघों की मृत्यु

चर्चा में क्यों?

सरकार के आँकड़ों के अनुसार, विगत पाँच वर्षों में **भारत में प्रकृत्या,** अवैध शिकार सहित **अन्य कारणों** से कुल **628** बाघों **की मृत्यु** हुई।

मुख्य बिंदु

- राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (NTCA) के अनुसार, वर्ष 2019 में 96, वर्ष 2020 में 106, वर्ष 2021 में 127, वर्ष 2022 में 121 और वर्ष 2023 में 178 बाघों की मृत्यु हुई।
  - इस अवधि के दौरान बाघों द्वारा किये गए हमलों से 349 लोगों की मृत्यु हुई, **जिनमें से 200 मामले मात्र महाराष्ट्र से** थे।
  - **उत्तर प्रदेश में बाघों के हमलों से 59 लोगों की मृत्यु** हुई, जबकि **मध्य प्रदेश में 27 लोगों की मृत्यु** हुई।
- भारत ने **बाघ संरक्षण को बढ़ावा देने के लिये 1 अप्रैल, 1973** को प्रोजेक्ट टाइगर लॉन्च किया था।
  - वर्तमान में भारत में 55 बाघ अभयारण्य हैं, जो 78,735 वर्ग किलोमीटर से अधिक क्षेत्र में विस्तृत हैं जो देश के कुल भौगोलिक क्षेत्र का लगभग 2.4% है।

बाघ
रॉयल बंगाल टाइगर (Panthera Tigris) भारत का राष्ट्रीय पशु है।
बाघ की उप प्रजातियाँ
* महाद्वीपीय (पैंथेरा टाइग्रिस टाइग्रिस)
* सुंडा (पैंथेरा टाइग्रिस सोंडाइका)
प्राकृतिक अधिवास
उष्णकटिबंधीय वर्षावन, सदाबहार वन, समशीतोष्ण वन, मैंग्रोव दलदल, घास के मैदान और सवाना
देश जहाँ बाघ पाए जाते हैं
13 बाघ रेंज देश जहाँ यह प्राकृतिक रूप से पाए जाते हैं उनमें- भारत, नेपाल, भूटान, बांग्लादेश, म्याँमार, रूस, चीन, थाईलैंड, मलेशिया, इंडोनेशिया, कंबोडिया, लाओस और वियतनाम शामिल हैं।
IUCN की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, कंबोडिया, लाओस और वियतनाम में बाघ विलुप्त हो गए हैं।
संरक्षण की स्थिति
IUCN रेड लिस्ट: लुप्तप्राय
CITES : परिशिष्ट-I
WPA 1972 : अनुसूची-I
खतरे
आवास विखंडन
अवैध शिकार
मानव-वन्यजीव संघर्ष
संरक्षण संबंधी प्रयास
इंटरनेशनल बिग कैट्स एलायंस (IBCA): बाघ, शेर, तेंदुआ, हिम तेंदुआ, चीता, जैगुआर और प्यूमा नामक सात बड़ी बिल्लियों के संरक्षण के लिये (भारत द्वारा शुरू)
Tx2 अभियान: WWF द्वारा आरंभ किया गया; 2022 तक बाघों की आबादी को दोगुना करने के लक्ष्य को इंगित करते हुए 'टाइगर टाइम्स 2' को संदर्भित करता था
राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (NTCA): WPA, 1972 के तहत गठित
प्रोजेक्ट टाइगर : 1973 में लॉन्च किया गया
बाघों की गणना : प्रत्येक 5 वर्ष में
भारत में बाघ
भारत में इनकी संख्या सबसे अधिक है
वर्ष 2022 तक, भारत में बाघों की संख्या 3167 थी
मध्य भारतीय उच्च भूमि और पूर्वी घाट में इनकी सबसे बड़ी आबादी पाई गई है
टाइगर रिजर्व: भारत में अब 53 टाइगर रिज़र्व हैं
नवीनतम टाइगर रिज़र्व उत्तर प्रदेश का रानीपुर है
नागार्जुन सागर (आंध्र प्रदेश) सबसे बड़ा टाइगर रिज़र्व है जबकि ओरंग (असम) सबसे छोटा (कोर क्षेत्र) है।
दृष्टि The Vision
Drishti IAS

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/628-tigers-died-in-india